भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 998
शुक्रवार, 18 सितम्बर, 2020 को उत्तर दिए जाने के लिए

चक्रवात चेतावनी केन्द्र

998. श्री जसवंतसिंह सुमनभाई भाभोरः
श्री नारणभाई काछड़ियाः
श्री शान्तनु ठाकुरः
श्री परबतभाई सवाभाई पटेलः

क्या पृथ्वी विज्ञान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश के तटीय राज्यों में चक्रवात चेतावनी केन्द्र स्थापित किए हैं;
(ख) यदि हां, तो गुजरात और पश्चिम बंगाल सहित तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और
(ग) इससे कितने राज्यों को लाभ प्राप्त होगा?

उत्तर
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्री
(डॉ. हर्ष वर्धन)

(क) जी,हॉ। चक्रवात चेतावनी सेवाओं और समुद्री मौसम सेवाओं की आवश्यकता को पूरा करने के लिए सात चेतावनी केंद्र है। जिनमें हमारे देश के पूर्वी और पश्चिमी तटों को शामिल किया गया है।

(ख) तीन क्षेत्रीय चक्रवात चेतावनी केंद्र (ए.सी.डब्ल्यू.सी) चेन्नई, मुम्बई और कोलकाता में स्थित हैं और चार चक्रवात चेतावनी केंद्र (सी.डब्ल्यू.सी) तिरूवनन्तपुरम, विशाखापट्टनम, अहमदाबाद और भुवनेश्वनर में स्थित हैं। संबंधित क्षेत्र के प्रचालन तूफान चेतावनी कार्य की जिम्मेदारी (ए.सी.डब्ल्यू.सी) और सी.डब्ल्यू.सी की होती है।(ए.सी.डब्ल्यू.सी) और सी.डब्ल्यू.सी के दायित्व का क्षेत्र तालिका 1 में दर्शाया गया है।

तालिका 1 :- क्षेत्रीय चक्रवात चेतावनी केंद्र/ चक्रवात चेतावनी केंद्र की जिम्मेदारी वाले क्षेत्र।

केन्द्र	समुद्री क्षेत्र	तटीय क्षेत्र*	समुद्रवर्ती राज्य
ए.सी.डब्ल्यू.सी क्षेत्र कोलकाता	बंगाल की खाड़ी	पश्चिमी बंगाल, अंडमान और निकोबार द्विप समूह।	पश्चिमी बंगाल, अंडमान और निकोबार द्विप समूह
ए.सी.डब्ल्यू.सी, चेन्नई	बंगाल की खाड़ी	तमिलनाडु, पुदुचेरी कराईकल केरल, माहे और कर्नाटक और लक्ष्यद्वीप	तमिलनाडु, पुदुचेरी कराईकल केरल, माहे और कर्नाटक और लक्ष्यद्वीप
ए.सी.डब्ल्यू.सी, मुम्बई	अरब सागर	महाराष्ट्र और गोवा	महाराष्ट्र और गोवा

सी.डब्ल्यू.सी, तिरूवनन्तपुरम	अरब सागर	केरल, माहे और कर्नाटक और लक्ष्यद्वीप	केरल, माहे और कर्नाटक और लक्ष्यद्वीप
सी.डब्ल्यू.सी, अहमदाबाद	अरब सागर	गुजरात, दीव, दमन, दादर और नगर हवेली,	गुजरात, दीव, दमन, दादर और नगर हवेली,
सी.डब्ल्यू.सी, विशाखापट्टनम	बंगाल की खाड़ी	आंध्र पद्रेश	आंध्र पद्रेश
सी.डब्ल्यू.सी, भुवनेश्वर	बंगाल की खाड़ी	ओडिशा	ओडिशा

*तटीय पट्टी जिम्मेदारी तटीय रेखा से 75 कि.मी. तक फैली हुई है।

(ग) इन चेतावनी केंद्रों द्वारा उपलब्ध कराई गई सेवाओं से सभी 13 तटवर्ती राज्य और संघ राज्य क्षेत्र लाभान्वित होते हैं।

*****